Cambridge Assessment International Education

# Cambridge IGCSE™

**HINDI AS A SECOND LANGUAGE** **0549/02**

Paper 2 Listening **For examination from 2027**

SPECIMEN TRANSCRIPT **Approximately 55 minutes (including 6 minutes' transfer time)**

This document has **12** pages.

© Cambridge University Press & Assessment 2024



v2

**R1 Cambridge Assessment International Education, Cambridge IGCSE Hindi as a Second Language, specimen Paper 2, Listening.**

[BEEP]

**R1 अभ्यास 1**

**आप आठ संक्षिप्त संवाद सुनेंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए A, B, C या D में से सही उत्तर चुनिए और उचित खाने में सही (✓) का निशान लगाइए।**

**आप प्रत्येक संवाद को दो बार सुनेंगे।**

**R1 प्रश्न 1**

**नितिन का फ़ोन कहाँ गुम हुआ होगा?**

PAUSE 00’03”

*M: male, student*
*F: female, student*

**F:** * क्या बात हुई नितिन?

**M:** मेरा फ़ोन ग़ुम हो गया। मुझे याद है मैंने घर से तुम्हें संदेश भेजा था और उसके बाद मैं बस स्टॉप पहुँच कर फ़ोन पर गेम खेल रहा था। मुझे पक्का याद है बस में चढ़ने से पहले मैंने उसे बस्ते में डाला था। ज़रूर बस में ही गिरा होगा। क्योंकि बाद में जब मैंने स्कूल में अपना बस्ता टटोला तो फ़ोन नहीं था। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 प्रश्न 2**

**दोस्तों ने दोपहर के बाद क्या करने का निश्चय किया?**

PAUSE 00’03”

*M: male, young traveller*
*F: female, young traveller*

**F:** * आज भीमताल में हम दोपहर के बाद खाली हैं।

**M:** मैंने सुना है यहाँ की पैराग्लाइडिंग मशहूर है!

**F:** उसके बजाय वहाँ नाव चलाने के बारे में क्या ख़याल है?

**M:** बुरा विचार नहीं है। पर मेरा मन कोने के द्वीप पर बना मंदिर देखने का है!

**F:** मन तो मेरा भी है। पर उसके लिए पर्याप्त समय नहीं है। अगर साइकिल पर घूमें तो?

**M:** ठीक है। मंदिर किसी और दिन जा सकते हैं! **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**R1 प्रश्न 3**

**कौन सा पंडाल अध्यापिका के सबसे समीप था?**

PAUSE 00’03”

*F: female, teacher in thirties.*

**F:** * छात्रो, उद्योग मेले में आपका स्वागत है। यहाँ करने को बहुत कुछ है। मेले के दूसरे कोने पर बने विज्ञान और तकनीकी के पंडाल में आप चैट-बॉट मशीनों के साथ खेल सकते हैं। उसके साथ ही जलवायु पंडाल है जहाँ आप जलवायु के बारे में जान सकते हैं। यहाँ, हम लोगों के सामने साहित्य पंडाल है जहाँ आप मनपसंद लेखकों से मिल सकते हैं। उससे थोड़ा सा आगे खेल पंडाल है जहाँ आप व्यायाम की नई मशीनें आज़मा सकते हैं। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 प्रश्न 4**

**किस सब्ज़ी ने प्रतियोगिता जीती?**

PAUSE 00’03”

*M: male, friend teenager*
*F: female, friend teenager*

**F:** * क्या तुमने सब्ज़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था?

**M:** हाँ! मुझे मेरी गाजरों के लिए कांस्य पदक मिला! मुझे लगता था कि कंचन की भिंडियों को पहला पुरस्कार मिलेगा पर उसे कुछ नहीं मिला। दूसरा पुरस्कार रजत को मिला। उसके बैगन बहुत बड़े-बड़े थे। पहला पुरस्कार फूलगोभी की अद्भुत प्रदर्शनी को मिला, पर पता नहीं वह किसकी थी। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 प्रश्न 5**

**दोस्तों ने कहाँ जाना तय किया?**

PAUSE 00’03”

*M: male, in thirties*
*F: female, in thirties*

**M:** * क्या तुम सर्कस देखने चलना चाहती हो?

**F:** नहीं मैं तो कोई अच्छी फ़िल्म देखना चाहूँगी!

**M:** ठहरो! रविवार से तो रजत की प्रदर्शनी शुरू हो रही है!

**F:** कोई नहीं! वह तो महीने भर चलेगी! हम कभी भी जा सकते हैं। अब बताओ, फ़िल्म देखने चलना है या नहीं! वर्ना मुझे शॉपिंग करने जाना है!

**M:** चलो ठीक है। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 प्रश्न 6**

**देव कल कैसे स्कूल जाएगा?**

PAUSE 00’03”

*M: male, teenager*
*F: female, mother*

**M:** * माँ, बस ने परेशान कर रखा है - हमेशा देरी से आती है! मैं अब से साइकिल से स्कूल जाना शुरू करूँगा।

**F:** ठीक है, देव। पर पहले तुम्हें तुम्हारी साइकिल के लिए बत्तियाँ ख़रीदनी पड़ेंगी।

**M:** तो ठीक है। मैं अभी जाकर दुकान से ले आता हूँ।

**F:** वे तो अब बंद होंगीं। ऐसा करते हैं, अभी हमेशा की तरह बस ले लो और मैं तुम्हें कल स्कूल के बाद कार से साइकिल की दुकान पर ले चलूँगी। ठीक है?

**M:** हाँ, बढ़िया। शुक्रिया माँ। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 प्रश्न 7**

**छात्र सांस्कृतिक समारोह में क्या पहनने वाला है?**

PAUSE 00’03”

**M:** * हैलो, नितिन! सुनो! कल के सांस्कृतिक समारोह के लिए मुझे तुम्हारा वह कुर्ता चाहिए। तुम चाहो तो बदले में मैं तुम्हें अपना जापानी कोट दे सकता हूँ। मैं सोच रहा था कि स्कूल की वर्दी ही पहनूँ या पार्टी सूट। तुम्हारी सरस्वती पूजा की तस्वीरें देखकर मेरे मन में भारतीय वेशभूषा का विचार आया। पायजामा मेरे पास है। बाय! **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**R1 प्रश्न 8**

**महिला सोसाइटी की मीटिंग में क्यों नहीं जा सकी थी?**

PAUSE 00'03"

*M: male, in forties*
*F: female, in forties*

**M:** * बहन जी, आप सोसाइटी की मीटिंग में नहीं आईं? खाँसी नहीं गई क्या?

**F:** जी नहीं, मैं तो ठीक हूँ। ऋषि के पाँव में मोच आ गई थी।

**M:** अरे! परसों तो हमनें टैनिस खेला था। जिम से लौटने के बाद!

**F:** वहीं से कुछ कर लाए। बस इन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। सारा दिन उसी में लग गया। **

PAUSE 00'05"
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00'05"

**R1 अभ्यास 1 समाप्त हुआ। अब आप अभ्यास 2 पर ध्यान दीजिए।**

PAUSE 00'05"

**R1 अभ्यास 2**

**आप पाँच संक्षिप्त संवाद सुनेंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए A, B या C में से सही उत्तर चुनिए और उचित खाने में सही (✓) का निशान लगाइए।**

**आप प्रत्येक संवाद को दो बार सुनेंगे।**

PAUSE 0'05"

**R1 आप एक अध्यापिका को एक प्रसिद्ध खेल पार्क की सैर के लिए छात्रों को कुछ निर्देश देते सुनेंगे।**

**अब प्रश्न 9 और 10 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00'15"

*F: female, teacher in thirties.*

**F:** * छात्रो, ध्यान से सुनें! पहुँचने पर देश के एक जाने-माने क्रिकेट कोच हमारा स्वागत करेंगे और पहले आपको अच्छी बल्लेबाज़ी की कुछ तकनीकें सिखाएँगे। उसके बादे वे आपको मैदान दिखाने ले जाएँगे जहाँ क्रिकेट के अलावा टैनिस, फुटबॉल और कलाबाज़ी की सुविधाएँ भी हैं।

हम खाने के समय तक स्कूल लौट आएँगे इसलिए खाना ले जाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन पीने के पानी की बोतल ले चलना अच्छा रहेगा। आप सबको लिखने के लिए नोटबुक और पैन मिलेगा जिनके साथ एक स्मारक भी होगा। **

PAUSE 00'05"
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00'05"

**R1 आप दो मित्रों को ऐसे संगीत साइट की चर्चा करते सुनेंगे जिसका वे दोनों प्रयोग करते हैं।**

**अब प्रश्न 11 और 12 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00’15”

*F: male, teenager*
*M: female, teenager*

**F:** * मुझे एक लाजवाब संगीत साइट मिला है, सुरताल.कॉम।

**M:** अरे! यही तो मैं भी इस्तेमाल करता हूँ! तुम्हें कैसे मिला?

**F:** असल में दीदी संगीत की दीवानी है। वह इंटरनेट पर तरह-तरह की पत्रिकाएँ देखती रहती है। लेकिन पता है, उसने भी इसके बारे में नहीं सुना था! मैं दरअसल उसी के लिए एक अच्छे से तानपूरे की तलाश में साइट छान रही थी। उसी चक्कर में मेरी नज़र इस पर पड़ी।

**M:** मुझे तो इनके लेखकों की संगीत समीक्षाएँ बहुत अच्छी लगती हैं।

**F:** बिल्कुल! बड़ी सरल भाषा में होती हैं। मुझे इनके गानों के वीडियो भी अच्छे लगते हैं।

**M:** पता नहीं! कुछेक तो बड़े बोर होते हैं। पर यहाँ संगीत समारोहों के टिकट रियायत पर मिल जाते हैं और प्रतियोगिताएँ भी होती रहती हैं।

**F:** हाँ। पर जो गीत पुरस्कार के रूप में डाउनलोड करने को मिलते हैं वे इतने अच्छे नहीं होते! **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 आप दो छात्रों को छुट्टियों के दौरान पढ़ी किताबों के बारे में बातें करते सुनेंगे।**

**अब प्रश्न 13 और 14 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00’15”

*F: male, mid-teens*
*M: female, mid-teens*

**M:** कोई किताब पढ़ी हाल में, सारिका?

**F:** * हाँ, मेरे जन्मदिन पर मुझे एक अजीब सी किताब मिली थी, शक्कर के इतिहास पर। पन्ने पलटने लगी तो बस एक ही साँस में पढ़ गई! क्या तुम्हें मालूम था तेज, कि पूरी दुनिया को शक्कर भारत ने दी?

**M:** नहीं, दिलचस्प बात है। मैं इसे पढ़ने की कोशिश करूँगा पर मुझे इतिहास की किताबें थोड़ी लंबी लगती हैं और मैं जल्दी ही हथियार डाल देता हूँ। मुझे रहस्य-रोमांच की किताबें अधिक भाती हैं। बचपन में मैं डरावनी कहानियाँ भी पसंद किया करता था लेकिन मुझे लगता है वे सब एक जैसी होती हैं। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 आप अनिल को अपनी दोस्त के लिए एक टीवी कार्यक्रम के बारे में टेलीफ़ोन संदेश छोड़ते सुनेंगे।**

**अब प्रश्न 15 और 16 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00’15”

*M: male, twenties, voicemail message*

**M:** * हैलो मीरा! अनिल बोल रहा हूँ। मुझे विश्वास नहीं होता कि तुमने कल रात की आख़िरी कड़ी नहीं देखी! ख़ैर, कौन जीता यह मैं तुम्हें नहीं बताऊँगा! ख़ुद देखना बाद में कि पिछले हफ़्ते तक क्या लग रहा था और अंत में क्या हुआ। मैं तो नतीजे को पचा नहीं पा रहा हूँ।

और हाँ। मैंने जज और गायिका स्नेहा सरगम का एक इंटरव्यू सुना। मुझे तो पता ही नहीं था कि उसने वियना जाकर ओपेरा गायन भी सीखा है। वह जल्दी ही एक नया शो भी शुरू करने जा रही है। पर उसने बार-बार पूछे जाने पर भी उसके स्वरूप और नाम के बारे में कुछ नहीं बताया। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 आप एक मशहूर अभिनेत्री जैस्मीन के इंटरव्यू का एक भाग सुनेंगे।**

**अब प्रश्न 17 और 18 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00’15”

*M: male, thirties*
*F: female, thirties, English accent*

**M:** * नमस्कार, जैस्मीन जी! क्या यह सच है कि अब आप भारत में बस गई हैं?

**F:** जी हाँ। शुरू में मेरे पति अकेले आए थे क्योंकि उनको कंपनी ने यहाँ एक नया कारोबार जमाने के लिए भेजा था। एक साल के बाद मैं भी बच्चों के साथ यहीं आ गई। क्योंकि यहाँ का फ़िल्म और टेलिविज़न उद्योग तो दुनिया में सबसे बड़ा है। मेरे लिए यहाँ ज़्यादा काम है। लेकिन मैं अभी भी अपने आप को यहाँ की जीवनशैली में ढालने की कोशिश कर रही हूँ।

**M:** चलिए, अपनी नई फ़िल्म के बारे में थोड़ा बताइए।

**F:** जी, अभी तक तो मैंने ज़्यादातर मार-धाड़ वाली फ़िल्मों में ही काम किया है क्योंकि वे हर तरह के दर्शक को भाती हैं। लेकिन मेरी नई फ़िल्म कुछ कठिन सामाजिक सवालों पर है। इसलिए भले ही यह धमाकेदार न साबित हो, पर देखने वालों को सोचने पर मजबूर ज़रूर करेगी। **

PAUSE 00’05”
REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’05”

**R1 अभ्यास 2 समाप्त हुआ। अब आप अभ्यास 3 पर ध्यान दीजिए।**

PAUSE 00’05”

**R1 अभ्यास 3**

**आप जीवविज्ञानी डॉ पुष्पेंद्र यादव से मगरमच्छों के बारे में एक वार्ता सुनेंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए A, B या C में से सही उत्तर चुनिए और उचित खाने में सही (✓) का निशान लगाइए।**

**यह वार्ता आपको दो बार सुनाई जाएगी।**

**अब प्रश्न 19–26 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00’40”

*M: male, mid-forties, enthusiastic*

**M:** * मेरा नाम पुष्पेंद्र है और मैं आज मगरमच्छों के बारे में बात करने वाला हूँ।

मगरमच्छों की कुल मिलाकर 14 प्रजातियाँ हैं। वे अलग-अलग आकार के होते हैं लेकिन कोई भी ठंडे तापमान को सहन नहीं कर पाता। रेंगने वाले अन्य जानवरों की तरह इनके भीतर भी स्वयं को गर्म रखने की कोई व्यवस्था नहीं होती, इसीलिए ये गर्म प्रदेशों में पाए जाते हैं।

मेरा अध्ययन गंगा नदी के मगरमच्छों पर है। गंगा नदी का मगरमच्छ औसतन 55 वर्ष के आसपास जीता है, पर इनमें से कुछ भाग्यशाली 75 साल की उम्र तक भी जी सकते हैं जो इंसानों की 80 वर्ष की आयु के क़रीब है, कम से कम मेरे देश में।

गंगा के मगरमच्छों की पीठ गहरे भूरे रंग की होती है और पेट पीलापन लिए होता है, हालाँकि कीचड़ इनके असली रंग को छिपा सकता है। ये आम तौर पर खारे पानी में नहीं रहते और जो तेज़ बहाव वाली नदियों में पाए जाते हैं उनका रंग मगरमच्छों की दूसरी प्रजातियों की तुलना में आम तौर पर हल्का होता है।

मगरमच्छ अक्सर मांसाहारी होते हैं, पर इनमें से कुछ कभी-कभार अपनी ख़ुराक में दूसरे भोजन भी शामिल कर लेते हैं। बेशक, मगरमच्छ घास खाने के लिए नहीं बने हैं, पर वे आसपास के पेड़ों से पानी में गिरने वाले फल को ख़ुशी-ख़ुशी खा लेते हैं और पत्तों को हटा देते हैं। यह जानकर मुझे आश्चर्य हुआ।

मगरमच्छों के दाँत भी दिलचस्प होते हैं। उनके मुँह में एक समय में 60 से लेकर 110 तक दाँत हो सकते हैं। जब वे गिरते हैं तो उनकी जगह नए उग आते हैं। यह प्रक्रिया संभवतः 50 बार दोहराई जाती है जिसका मतलब यह हुआ कि एक मगरमच्छ के उसके जीवनकाल में 4000 तक दाँत हो सकते हैं।

मगरमच्छों के जबड़े बेहद शक्तिशाली होते हैं। काटते समय उनके जबड़े का दबाव वायुमंडल के दबाव से 350 गुणा के आसपास होता है। आप सोचते होंगे कि शायद शार्क भी उतनी ही शक्ति से काटती होगी, पर नहीं। बड़ी से बड़ी शार्क भी वायुमंडल के दबाव से 35 गुणा शक्ति से ही काट सकती है जिसका अर्थ हुआ कि मगरमच्छ का जबड़ा शार्क के जबड़े से दस गुणा शक्तिशाली होता है। शेर का काटना भी मगरमच्छ के काटने से लगभग आठ गुणा कमज़ोर होता है और भालू के काटने में वायुमंडल से करीब 85 गुणा शक्ति होती है, यानी मगरमच्छ का काटना उससे भी चार गुणा से अधिक शक्तिशाली हुआ।

मगरमच्छ बेहद तेज़ तैराक भी होते हैं जो 35 किलोमीटर प्रति घंटा तक की गति पकड़ सकते हैं। उनकी पूँछ उन्हें ताकत देती है और मुड़ने के लिए वे अपने पैरों का सहारा लेते हैं। उनके सिर बाकी शरीर की तुलना में स्थिर रहते हैं ताकि वे इर्द-गिर्द की घटनाओं पर नज़र रख सकें।

जिन मगरमच्छों का अध्ययन मैं कर रहा हूँ वे बहुत सा समय सोने में बिताते हैं। कभी-कभी वे अपनी आँखें बंद किए बिना या ख़तरे की आशंका में एक आँख खुली छोड़ कर सोते हैं। वे अपना मुँह खोलकर लेटना पसंद करते हैं जो उनका अपने आप को ठंडा रखने का एक तरीक़ा है और ऐसा करते हुए प्रायः वे कुछ नींद भी पूरी कर लेते हैं। कभी-कभी वे पानी पर तैरते हुए भी सो लेते हैं। **

PAUSE 00’10”

**R1 अब आप वार्ता को दोबारा सुनेंगे।**

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’10”

**R1 अभ्यास 3 समाप्त हुआ। अब आप अभ्यास 4 पर ध्यान दीजिए।**

PAUSE 00’05”

**R1 अभ्यास 4**

**आप छह लोगों को उनके क्लबों के बारे में बात करते सुनेंगे।**

**प्रश्न 27–32 के लिए कथन सूची (A–H) में से कौन सा कथन किस वक्ता का है चुनकर बताएँ। सही अक्षर (A–H) को उत्तर रेखा पर लिखें। हर अक्षर को केवल एक बार लिखें। दो अक्षर अतिरिक्त हैं जिनका प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है।**

**आप वक्ताओं की बातें दो बार सुनेंगे।**

**अब कथन सूची A–H को पढ़ें।**

PAUSE 00’30”

**R1 वक्ता 1**

*F: female, mid-teens*

**F:** * मैंने अपने नाटक क्लब में पाँच महीने से जाना शुरू किया और मैंने अभी तक एक भी सत्र नहीं छोड़ा है। मैं वहाँ कई दिलचस्प नए लोगों से मिली हूँ। मैं असल में अपना अभिनय बेहतर बनाना चाहती थी और सोचा कि यह एक अच्छा तरीका होगा बेहतर बनाने का। मुझे नहीं लगता कि मैं अपने लक्ष्य को पूरा कर पाई हूँ क्योंकि सत्र सप्ताह में केवल एक बार होते हैं। दो या तीन बार भी होते तो मुझे ख़ुशी होती।

PAUSE 00’10”

**R1 वक्ता 2**

*M: male, mid-teens*

**M:** मैं आजकल अपने नौकायन क्लब के हर सत्र में हमेशा नहीं जा पाता। मैं वहाँ शुरू में इसलिए गया था क्योंकि मैं इस इलाक़े में नया-नया आया था और मैंने सोचा कि अपनी उम्र वालों से मिलने का यह एक अच्छा तरीक़ा होगा। मुझे निराशा नहीं हुई। इसलिए मैं तो हर उस शख़्स को किसी क्लब में शामिल होने की सलाह दूँगा जिसका लक्ष्य मेरे जैसा हो।

PAUSE 00’10”

**R1 वक्ता 3**

*F: female, mid-teens*

**F:** मैं बरसों से स्कूल के फ़िल्म क्लब की सदस्या हूँ। हम असल में हमारे नाट्यकला अध्यापक की चुनी हुई कोई फ़िल्म देखते हैं। यह सब ठीक है पर मैं अपने-आप को यह सोचने से नहीं रोक पाती कि देखने के बाद यदि हम फ़िल्म पर चर्चा कर पाते और वह कैसे बनी इसका शोध वगैरह कर पाते तो ज़्यादा मज़ा आता! बहरहाल, मेरी अभी क्लब जाना बंद करने की कोई योजना नहीं है।

PAUSE 00’10”

**R1 वक्ता 4**

*M: male, mid-teens*

**M:** मैं हर सप्ताहांत में कंप्यूटर खेलों के एक क्लब में जाता हूँ। यह मेरा अभी तक का सबसे अच्छा फ़ैसला था क्योंकि हम ख़ूब मज़े करते हैं। असल में, यदि किसी सप्ताह मैं किसी कारणवश नहीं जा पाता हूँ तो मेरा मूड वाकई ख़राब हो जाता है। हम खाली एक काम करते हैं - खेलने का - जिससे ज़्यादातर लोग शायद ऊकता जाएँ, पर मेरे लिए यह आदर्श है।

PAUSE 00'10"

**R1 वक्ता 5**

*F: female, mid-teens*

**F:** मेरा गोताखोरी क्लब अद्भुत है! मेरी बहुत सी सहेलियाँ भी इसकी सदस्या हैं क्योंकि मैं इसकी ख़ूबियाँ गाती रहती थी। हालाँकि जो मज़ा मुझे समुद्र के सत्रों में आता है, तरणताल के सत्रों का मज़ा उसके आसपास भी नहीं होता। मुझे जलजीव देखने का शौक़ है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि मैं कभी क्लब जाना बंद कर पाऊँगी।

PAUSE 00'10"

**R1 वक्ता 6**

*M: male, mid-teens*

**M:** मुझे घुड़सवारी हमेशा से पसंद है इसलिए मैं घुड़सवारी के लिए हर सप्ताह एक स्थानीय क्लब में जाता हूँ। कुछ लोगों के पास अपने घोड़े हैं और वे सप्ताह में चार से पाँच बार जाते हैं इसलिए उन्होंने अपनी घुड़सवारी की कला को जल्दी निखार लिया है। यहाँ कुछ नए चेहरे आएँ तो अच्छा लगेगा, ख़ासकर मेरी उम्र के लोग जिनके साथ मैं दोस्ती कर सकूँ। हो सकता है मैं अपने कुछ दोस्तों को सदस्यता के लिए राज़ी करने की कोशिश करूँ। **

PAUSE 00'10"

**R1** अब आप इन छह वक्ताओं को दोबारा सुनेंगे।.

REPEAT FROM * to **
PAUSE 00'10"

**R1 अभ्यास 4 समाप्त हुआ। अब आप अभ्यास 5 पर ध्यान दीजिए।**

PAUSE 00'05"

**R1 अभ्यास 5**

**आप इला संजानी के साथ बातचीत सुनेंगे जो किस्सागो हैं यानी कहानियाँ सुनाती हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए A, B या C में से सही उत्तर चुनें और उचित खाने में सही (✓) का निशान लगाएँ।**

**आप यह बातचीत दो बार सुनेंगे।**

**अब प्रश्न 33–40 पर ध्यान दें।**

PAUSE 00'45"

*M: male, 40 years old*
*F: female, 40 years old*

**M:** * इला जी, क्या आप बचपन से ही किस्सागो बनना चाहती थीं?

**F:** नहीं तो। मैं तो बस छोटी-मोटी नौकरी करना चाहती थी। वैसे तो आज़ाद ख़यालों की थी, पर पारंपरिक रूप से परिवार के साथ रहना पसंद करती थी। मेरे पिता जी ऑटोरिक्शा चलाते थे और माँ दूसरों के घरों में काम करती थी। दोनों सारा दिन काम से बाहर रहते थे। इसलिए जब भी अपनी सहेलियों को परिवार के साथ खेलते-खाते या यात्राओं पर जाते देखती तो सोचती थी कि काश मैं भी वह सब कर पाती।

**M:** और स्कूल में कैसा माहौल था?

**F:** मेरे सहपाठी तो पढ़ाई, स्कूल के अनुशासन और गृहकार्य के दबाव को आसानी से झेल लेते थे, पर मुझे वह वाकई मुश्किल लगता था। मैं बस दोस्तों के साथ गप्पे हाँकने, गाने और बहस करने में उस्ताद थी। इसलिए स्कूल ख़त्म होते ही मैंने पढ़ाई से पिंड छुड़ा लिया।

**M:** तो क्या आपको तुरंत काम मिल गया था?

**F:** मेरे पास किसी काम की योग्यता नहीं थी। पर एक दिन एक दोस्त की सलाह पर मैं रेडियो स्टेशन गई। उन्हें किसी ऐसे युवा की तलाश थी जो उनके श्रोताओं की प्रतिक्रिया संभाल सके। काम थोड़ा उबाऊ था लेकिन कार्यक्रमों पर लोगों की भिन्न-भिन्न राय पढ़कर मज़ा भी आता था। माँ-बाप भी बहुत ख़ुश नहीं थे क्योंकि जो मिलता था उसमें मेरा आने-जाने का ख़र्च ही निकल पाता था।

**M:** तो फिर आप किस्सागोई तक कैसे पहुँची?

**F:** किस्सागोई का किस्सा यह है कि बचपन में जब माँ और पिता जी दोनों काम पर होते थे तब मेरी देखभाल पड़ोस की एक महिला करती थी जिन्हें मैं प्यार से नानी बुलाती थी। उनके पास किस्से-कहानियों की खान थीं। उन्हीं से सुन-सुन कर मैं दोस्तों की महफ़िल में रौब जमाती थी। रेडियो स्टेशन के साथियों को भी इन किस्सों का चस्का लग गया और एक दिन एक बहुत ही लोकप्रिय शो के एंकर ने मुझे अपने साथ बिठा लिया। फिर क्या था?

**M:** फिर क्या हुआ?

**F:** हमारे निदेशक ने मुझे एक नया शो शुरू करने को कहा जिसमें मुझे लोकप्रिय गीतों को किस्से-कहानियों में पिरो कर पेश करना था। मेरा शो इतना लोकप्रिय हुआ कि वह एक नई शैली बन गया। हर रेडियो स्टेशन ने उस तरह के शो करने शुरू किए। संगीत समारोहों और रंगारंग कार्यक्रमों का संचालन करने के न्योते आने लगे।

**M:** आपकी इस व्यस्तता और बाहर रहने पर घर वालों को कैसा लगता है?

**F:** बढ़ती व्यस्तता के साथ-साथ मेरी आमदनी भी बढ़ी है इसलिए माँ-बाप बहुत ख़ुश हैं। मेरे पति भी पत्रकार होने की वजह से मेरे काम की व्यस्तताओं को समझते हैं। वे स्वयं घटनाओं को रिपोर्ट करने बाहर जाते रहते हैं और अक्सर देरी से घर लौटते हैं। वे जानते हैं कि हमारे काम में कितने समय और ऊर्जा की ज़रूरत है।

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**M:** एक सफल किस्सागो बनने के लिए क्या किसी विशेष योग्यता की ज़रूरत है?

**F:** यदि आपमें दूसरों की बात ध्यान से सुनने का हुनर नहीं है तो आप अच्छी किस्सागोई नहीं कर सकते। किस्सागोई को आप पढ़कर नहीं सुनकर ही सीख सकते हैं। लोग आम तौर पर अपने बड़े-बुज़ुर्गों, अध्यापकों और पेशेवर कथक्कड़ों से किस्से-कहानियाँ सुनते रहते हैं। लेकिन याद वही रहते हैं जो या तो हमारे अनुभवों से मेल खाते हों या रोचक शैली में सुनाए गए हों।

**M:** आजकल आप लोगों के बीच जाकर भी किस्सागोई करती हैं। कैसा लगता है आपको?

**F:** किस्सागोई का असली मज़ा लोगों के बीच जाकर कहने में ही है। सुनने वालों के हर्ष-शोक और विस्मय के चढ़ते-उतरते स्वर किस्सागो के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होते हैं। स्टूडियो में बैठकर या मंच पर जाकर किस्से सुनाने की आदत की वजह से शुरू-शुरू में तो मुझे बड़ी घबराहट हुई थी। पर झिझक खुलते ही सब सहज हो गया। अब तो मैं सुनने वालों से भी कहती हूँ कि अपने-अपने किस्से सुनाएँ। **

PAUSE 00’10”

**R1 अब आप यह बातचीत दोबारा सुनेंगे।**

REPEAT FROM * to **
PAUSE 00’10”

**R1 अभ्यास 5 अब समाप्त हुआ।**

**अब आपके पास अपने उत्तर अलग उत्तर पुस्तिका पर उतारने के लिए छह मिनट हैं। एक मिनट बाकी रह जाने पर हम आपको याद दिलाएँगे।**

PAUSE 05’00”

**R1 आपके पास एक मिनट और बचा है।**

PAUSE 01’00”

**R1 परीक्षा का समय समाप्त हुआ।**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (Cambridge University Press & Assessment) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

Cambridge International Education is the name of our awarding body and a part of Cambridge University Press & Assessment, which is a department of the University of Cambridge.

© Cambridge University Press & Assessment 2024 